जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com
Website :http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/10863 दिनांक : 11.06.24

प्रति,

अंतिम स्मरण-पत्र

प्राचार्य/प्राचार्या/संचालक/सचिव
समस्त संम्बधित शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, (म0प्र0)

विषयः- महाविद्यालय की वेबसाईट की जानकारी भेजने के संबध में।

संदर्भः- विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक 10728 दिनांक 28.03.2024 एवं 10815 दिनांक 1605.2024 ।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्र द्वारा सर्व-संबंधितों को सूचित किया गया था कि, महाविद्यालयों में अध्ययनरत एवं प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिवाभकों की सुविधा एवं महाविद्यालयीन कार्यप्रणाली की पारदर्शिता हेतु समस्त महाविद्यालय वेबसाईट को अनिवार्य रूप से अपडेट करें एवं जिन महाविद्यालयों की बेबसाइट नहीं है, वे महाविद्यालय की बेबसाइट अनिवार्य रूप से बनायें किंतु कई महाविद्यालयों द्वारा आज दिनांक तक उक्त जानकारी सम्बद्धता विभाग में जमा नहीं की गयी है, जो कि खेद का विषय है।

अतः संबंधित महाविद्यालयों को पुनः सूचित किया जाता है। कि वे अपने महाविद्यालय की वेबसाईट अनिवार्य रूप से अपडेट करें एवं महाविद्यालय से संबधित समस्त जानकारी जैसे-भवन-भूमि, स्पष्ट पूर्ण पता, मान्यता संबंधी सम्पूर्ण जानकारी, अनुमति एवं संम्बद्धता, संचालन वर्ष, प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों की जानकारी, एक पृष्ठीय प्रोफाईल महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम, निर्धारित शुल्क, निर्धारित सीट संख्या, छात्रवृति, प्रवेश, महाविद्यालय के विभाग, पुस्तकालय, क्रीड़ा विभाग इत्यादि) अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। जिससे महाविद्यालय के संबध में समस्त जानकारी अध्ययनरत एवं प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं एवं उनके अविभावकों को सुलभता से प्राप्त हो सके। महाविद्यालय यह भी सुनिश्चित करें कि, अपने महाविद्यालय की संक्षिप्त प्रोफाइल, समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की प्रोफाइल, संम्बद्धता से संबंधित समस्त रेगूलेटरी एजेन्सी का विवरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें एवं जिन महाविद्यालयों की बेबसाइट नहीं है, वे महाविद्यालय की वेबसाईट अनिवार्य रूप से बनायें तथा अपडेट करें।

महाविद्यालय की बेबसाइट पर की जानकारी निम्न प्रारूप में भरकर दिनांक 21.06.2024 तक सम्बद्धता विभाग के ई-मेल आई डी jiwajidcdc@gmail.com पर अनिवार्य रूप से भेजने का कष्ट करें, एवं एक प्रति हॉर्ड कॉपी में सम्बद्धता शाखा में जमा करें।

क्रमांक	महाविद्यालय का नाम	महाविद्यालय का पूर्ण एवं स्पष्ट पता	महाविद्यालय की वेबसाईट का नाम	महाविद्यालय से सम्पर्क हेतु दूरभाष नं0 एवं ई-मेल आई.डी.

नोटः- जिन महाविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय की वेबसाईट अपडेट नहीं की जाती है अथवा नहीं बनायी जाती है एवं जानकारी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की जाती है तो उक्त महाविद्यालयों के आगामी सत्र के परीक्षा आवेदन एवं नामांकन रोके जाने संबंधी कार्यवाही की जावेगी। जिसकी समस्त जबावदारी महाविद्यालय प्राचार्य एवं प्रबंधन की होगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी, आई. टी. सेल. की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त पत्र को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2024-25/D.C.D.C./J.U